आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
गुरूवार 22.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। कहा– उनकी वीरता ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया।
- प्रधानमंत्री ने राजस्थान के बीकानेर में लगभग 26 हजार करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के पहले जत्थे को रवाना किया।
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। श्री मोदी ने यह बात राजस्थान के बीकानेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और बातचीत सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी।

**प्रधानमंत्री विकास परियोजनाएं**

इससे पहले बीकानेर के पलाना में सार्वजनिक समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्‌घाटन किया। उन्होंने बीकानेर–मुंबई एक्सप्रेस रेलगाड़ी को भी झंडी दिखाई। पिछले 11 वर्षों में देश में मजबूत बुनियादी ढाँचा बनाने के लिए की गई पहलों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आधुनिक सड़क और रेल बुनियादी ढाँचा बनाने के लिए कई बड़ी पहल की गई हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे से व्यापार, पर्यटन और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा जीवन आसान होगा।

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में परिवर्तनकारी सुधार हो रहे हैं।

**निरीक्षण रुद्रप्रयाग**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने आज केदारघाटी में गुप्तकाशी, फाटा और सोनप्रयाग के विभिन्न हेलिपैड में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेली कम्पनियों के प्रबंधन से जानकारी मांगी। साथ ही यात्रियों से अग्निशमन व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने केदारनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवा का संचालन कर रही हेली कम्पनियों के हेलिपैड के चारों तरफ अग्निशमन उपकरणों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही अन्य संसाधनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मानकों के अनुसार हेलिपैड पर अग्नि सुरक्षा की गहनता से पड़ताल करते हुए हेली कंपनियों को यथाशीघ्र व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही एक सप्ताह में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं होने पर कार्रवाई की बात कही।

**हेमकुंड साहिब जत्था**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश स्थित गुरुद्वारा साहिब से पंज प्यारों की अगुवाई में श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के पहले जत्थे को रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हेमकुंड साहिब की यह यात्रा आस्था, भक्ति और विश्वास की प्रतीक है। राज्यपाल ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की, कि वे प्लास्टिक मुक्त यात्रा को अपनाएं और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बढ़ावा दें। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हेमकुंड साहिब की यात्रा को अधिक सुविधायुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। उन्होंने कहा कि हेमकुंड और केदारनाथ के लिए रोपवे बनने के बाद श्रद्धालु, आसानी से यात्रा कर सकेंगे।

**मुख्यमंत्री निर्देश**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आज उच्च अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने टोल फ्री नम्बर– 1064 का व्यापक स्तर पर प्रचार किए जाने पर बल दिया। उन्होंने धर्मांतरण से जुड़े मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सत्यापन अभियान लगातार जारी रखने के साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को बनाते समय भी यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना समुचित सत्यापन के कोई दस्तावेज जारी न हो। उन्होंने अधिकारियों को अतिक्रमण के विरुद्ध चल रहे अभियान को भी निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जा चुकी है, वहां दोबारा अतिक्रमण की पुनरावृत्ति न हो यह सुनिश्चित किया जाए। श्री धामी ने सरकारी भवनों के निर्माण कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही भवनों के निर्माण में राज्य की सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक पर्वतीय वास्तुशैली को प्रमुखता दिए जाने की बात कही।

**समाज कल्याण उपाध्यक्ष**

समाज कल्याण योजनाएं एवं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने बागेश्वर में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं के अनुश्रवण, प्रभावी क्रियान्वयन और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की समस्याओं के निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। श्री कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश में बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम पर 200 विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओं से जोड़ना है।

**योग दिवस कार्यक्रम**

21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चम्पावत जिले में ब्लॉक स्तरीय काउंटडाउन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आनन्द सिंह गुसाईं  ने बताया कि जिले में आज से ब्लॉक स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पाटी विकासखण्ड सभागार में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने मिलकर योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्हें स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए योग संकल्प की शपथ भी दिलाई गई।